# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
## CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

| | |
|---|---|
| Test Date | 07/10/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Technician Grade III |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** यदि $a\sin^3\theta + b\cos^3\theta = \sin\theta\cos\theta$ और $a\sin\theta = b\cos\theta$ हो, तो $a^2 + b^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $1$ B). 9 C). $\frac{1}{4}$ D). $4$

**Correct Answer: A**

**Q.2** ₹6,600 की आरंभिक राशि, अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होने पर X वर्षों में 6% की वार्षिक ब्याज दर से बढ़कर ₹6,798 हो जाती है। X का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1 B). 1.25 C). 0.75 D). 0.5

**Correct Answer: D**

**Q.3** मन्वी की आयु के दोगुने और तन्वी की आयु का योगफल 37 वर्ष है। तन्वी के पिता की आयु तन्वी की आयु से दोगुनी है, और मन्वी का भाई मन्वी से 5 वर्ष बड़ा है। तन्वी के पिता और मन्वी के भाई की आयु का योगफल 43 वर्ष है। मन्वी और तन्वी की आयु का योगफल (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 B). 22 C). 30 D). 28

**Correct Answer: A**

**Q.4** किसी समलंब PQRS में, PQ||RS है। यदि ∠P = 72° और ∠Q = 54° है, तो ∠R की गणना कीजिए।

**Ans** A). $72^o$ B). $126^o$ C). $108^o$ D). $54^o$

**Correct Answer: B**

**Q.5** दिया गया है, कि संख्याओं 15,8,11,21,32,5,25,7 की माध्यिका m है। यदि 15 को 7 से प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो नई माध्यिका n हो जाती है। m और n के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2.5 B). 1.5 C). 4.5 D). 3.5

**Correct Answer: D**

**Q.6** एक दुकानदार ₹40 में 5 पेन की दर से 240 पेन खरीदता है और उन्हें ₹44 में 4 पेन की दर से बेचता है। दुकानदार द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 35% B). 37.5% C). 32.5% D). 30%

**Correct Answer: B**

**Q.7** 1778 m के एक वृत्तीय पथ पर, राशिका और शिफा एक ही बिंदु से विपरीत दिशाओं में क्रमशः 5.3 m/s और X m/s की चाल से चलना प्रारंभ करती हैं। वे 127 सेकंड के बाद पहली बार मिलेंगी। X का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6.6 B). 8.7 C). 4.6 D). 3.8

**Correct Answer: B**

**Q.8** A और B किसी कार्य को क्रमशः 12 दिन और 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। वे 4 दिन तक एकसाथ कार्य करते हैं, जिसके बाद A कार्य छोड़ देता है। B अकेले 6 दिन तक कार्य जारी रखता है और फिर C, B के साथ शामिल हो जाता है। यदि C अकेले संपूर्ण कार्य को 9 दिन में पूरा कर सकता है, तो कार्य को पूरा करने में लगा कुल समय (दिन में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $10\frac{5}{3}$ B). $11\frac{2}{3}$ C). $9\frac{2}{3}$ D). $10\frac{2}{3}$

**Correct Answer: D**

**Q.9** एक धनराशि को अमित, भरत और चेतन के बीच 5 : 7 : 9 के अनुपात में वितरित किया जाता है। यदि भरत का हिस्सा, अमित और चेतन के संयुक्त हिस्से से ₹490 कम है, तो उनके बीच वितरित कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹1449 B). ₹1470 C). ₹1430 D). ₹1484

**Correct Answer: B**

**Q.10** चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई एक धनराशि 15 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। ब्याज की समान वार्षिक दर पर, वह धनराशि कितने वर्षों में अपनी मूल राशि की 27 गुनी हो जाएगी?

**Ans** A). 45 वर्ष B). 60 वर्ष C). 30 वर्ष D). 75 वर्ष

**Correct Answer: A**

**Q.11** अब से छह वर्ष पूर्व, निर्भय की आयु विस्मय की आयु की 8 गुना थी। अब से 6 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय विस्मय की आयु की 2 गुना होगी। निर्भय की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 19 B). 22 C). 20 D). 23

**Correct Answer: B**

**Q.12** दो क्रमागत अभाज्य संख्याओं का गुणनफल 437 है। इन दोनों अभाज्य संख्याओं के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4 B). 8 C). 2 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.13** एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 20% की छूट प्रदान करता है और इसके बाद भी ₹840 का लाभ अर्जित करता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹4800 B). ₹4000 C). ₹8400 D). ₹6400

**Correct Answer: A**

**Q.14** दो संकेंद्री वृत्तों का केंद्र P है। बड़े वृत्त की त्रिज्या PQ = 10 cm है, और छोटे वृत्त की त्रिज्या PR = 8 cm है। एक बाह्य बिंदु T से बड़े वृत्त पर TQ एक स्पर्श रेखा है (जो इसे Q पर स्पर्श करती है), और उसी बिंदु T से छोटे वृत्त पर TR एक स्पर्श रेखा है (जो इसे R पर स्पर्श करती है)। यदि TQ = 24 cm है, तो (TR − PR)/PQ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{3\sqrt{17}+18}{10}$ B). $\frac{\sqrt{17}-4}{5}$ C). $\frac{2\sqrt{17}-3}{5}$ D). $\frac{3\sqrt{17}-4}{5}$

**Correct Answer: D**

**Q.15** 21 संख्याओं का समांतर माध्य 48 है। प्रथम 10 संख्याओं का माध्य 49 है और अंतिम 10 संख्याओं का माध्य 45 है। 11वीं संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 72 B). 88 C). 68 D). 64

**Correct Answer: C**

**Q.16** यदि k का 20%, 10 के 1200% से 15 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 525 B). 485 C). 565 D). 505

**Correct Answer: A**

**Q.17** 7 cm त्रिज्या वाले एक बेलनाकार टैंक में 2156 $cm^3$ जल भरा जा सकता है। इसकी ऊंचाई ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

**Ans** A). 12 cm B). 10 cm C). 14 cm D). 8 cm

**Correct Answer: C**

**Q.18** कोई एक्सप्रेस ट्रेन एक निश्चित दूरी को एक समान चाल से तय करती है। यदि इसकी चाल 16 km/h बढ़ा दी जाए, तो इसे निर्धारित समय से 8 घंटे कम लगेंगे। यदि इसकी चाल 16 km/h कम कर दी जाए, तो इसे निर्धारित समय से 12 घंटे अधिक लगेंगे। यात्रा की दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 4040 km B). 3840 km C). 4140 km D). 3640 km

**Correct Answer: B**

**Q.19** एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 12% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश करता है। 4 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 86100 B). 27600 C). 28600 D). 85100

**Correct Answer: D**

**Q.20** एक डीलर द्वारा मार्च के महीने में, शनिवार और रविवार को छोड़कर, कारों की प्रति दिन औसत बिक्री 163 है। प्रति रविवार कारों की औसत बिक्री 125 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रति दिन कारों की औसत बिक्री 171 है, तो प्रति शनिवार कारों की औसत बिक्री क्या है?

**Ans** A). 247 B). 243 C). 242 D). 246

**Correct Answer: B**

**Q.21** एक डंप ट्रक 12 लीटर ईंधन से 54 km की दूरी तय करता है। 60 लीटर ईंधन से यह कितने किलोमीटर की दूरी तय करेगा?

**Ans** A). 272 B). 274 C). 268 D). 270

**Correct Answer: D**

**Q.22** एक विक्रेता, किसी वस्तु पर क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित करता है और फिर अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। विक्रेता द्वारा अर्जित नेट लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20% B). 18.5% C). 10% D). 12.5%

**Correct Answer: D**

**Q.23** दो मित्र K और G लाभ को 7 : 5 के अनुपात में विभाजित करते हैं। यदि मासिक लाभ ₹72,000 है, तो K का हिस्सा _____ होगा।

**Ans** A). 9 का गुणज B). 7 का गुणज C). G के हिस्से से ₹8,000 अधिक D). G के हिस्से से ₹10,000 अधिक

**Correct Answer: B**

**Q.24** किसी बेलनाकार खंभे का व्यास 80 cm और ऊँचाई 35 m है। ₹45 प्रति $m^2$ की दर से खंभे के वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). ₹3,921 B). ₹3,988 C). ₹3,983 D). ₹3,960

**Correct Answer: D**

**Q.25** पाइप A, किसी टंकी को 24 घंटे में भर सकता है तथा पाइप B उसी टंकी को 36 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 16.4 घंटे B). 14 घंटे C). 14.4 घंटे D). 16 घंटे

**Correct Answer: C**

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.26** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
5 वृक्षों B, F, G, I और L में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, इनमें से कौन-सा वृक्ष सबसे लंबा है?
(I) G, L से छोटा है
(II) I, L से लंबा है

**Ans** A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन I और II दोनों एक साथ (और न तो अकेले कथन I या न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

C). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**Correct Answer: D**

**Q.27** शब्द FILMERS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और इसके प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans** A). 3 B). 2 C). 0 D). 1

**Correct Answer: C**

**Q.28** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) R F D Q A L M F W S O U T A L E T G D V B T K U (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

**Ans** A). दो B). एक भी नहीं C). एक D). तीन

**Correct Answer: A**

**Q.29** यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 – 8 ÷ 4 + 24 × 4 = ?

**Ans** A). 96 B). 92 C). 90 D). 94

**Correct Answer: D**

**Q.30** शब्द SILENT के अक्षरों को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर, कितने अक्षर उसी स्थान पर रहेंगे जिस स्थान पर वे मूल शब्द में थे?

**Ans** A). दो B). तीन C). एक भी नहीं D). एक

**Correct Answer: B**

**Q.31** अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

VAN QVI LQD GLY ?

**Ans** A). BTG B). BTY C). BGT D). BGY

**Correct Answer: C**

**Q.32** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से UQTU का संबंध TPST से है। उसी तरीके से KGJK का संबंध JFIJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TPST का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

**Ans** A). SPQR B). SNQS C). SORS D). SOQS

**Correct Answer: C**

**Q.33** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**18 D 4 A 4 B 8 C 30 = ?**

**Ans** A). 41 B). 40 C). 42 D). 45

**Correct Answer: B**

**Q.34** किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 24 का संबंध 168 से है। उसी तर्क के अनुसार, 27 का संबंध 189 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 33 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 231 B). 271 C). 293 D). 311

**Correct Answer: A**

**Q.35** दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**99 89 81 75 71 ?**

**Ans** A). 69 B). 50 C). 64 D). 46

**Correct Answer: A**

**Q.36** D, L की माता है। L, U की बहन है। V, O का पिता है। O, U का पति है। D का O से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता B). माता की माता C). पत्नी की माता D). पत्नी

**Correct Answer: C**

**Q.37** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). LJ - KM B). DB - CE C). MK - LN D). IJ - MN

**Correct Answer: D**

**Q.38** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न: T, U, V, W और X में से सबसे छोटा कौन है?
(I) U, T और W से छोटा है, लेकिन X से बड़ा है।
(II) V, U से छोटा है। X सबसे छोटा नहीं है।

**Ans** A). कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

B). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

C). कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

D). प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं।

**Correct Answer: D**

**Q.39** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**9 11 14 18 23 ?**

**Ans** A). 27 B). 29 C). 30 D). 28

**Correct Answer: B**

**Q.40** उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**IFG–KHI**
**LIJ–NKL**

**Ans** A). KHI–LJJ B). KHI–MJK C). KGG–LIJ D). KGG–MJK

**Correct Answer: B**

**Q.41** इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाना है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी तरीके से अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 9 ^ 3 + 1 $ 8 % 5 =

कूट M P S V Y A D F I L

शर्तें –

(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहला और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।

(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

8 1 9 + ^

**Ans** A). D Y Y V P B). D M M V P C). P Y M V D D). P M Y V D

**Correct Answer: A**

**Q.42** P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत के सात अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 7 है। U के नीचे केवल P रहता है। U और R के बीच केवल चार व्यक्ति रहते हैं। T, S के ठीक ऊपर एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। Q किसी सम क्रमांक वाले तल पर नहीं रहता है। तल क्रमांक 6 पर कौन रहता है?

**Ans** A). S B). V C). R D). U

**Correct Answer: B**

**Q.43** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). SPL B). KIE C). XVR D). FDZ

**Correct Answer: A**

**Q.44** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JACK' को '2396' के रूप में तथा 'CAKE' को '7963' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 6 B). 7 C). 9 D). 3

**Correct Answer: B**

**Q.45** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) F & I Y @ J Y C * A # & K S P $ B M (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

**Ans** A). दो B). एक भी नहीं C). एक D). तीन

**Correct Answer: C**

**Q.46** रीक बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 22 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 30 km चलता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 28 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 39 km चलता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 6 km चलकर बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 11 km, दक्षिण की ओर B). 10 km, उत्तर की ओर C). 7 km, पूर्व की ओर D). 9 km, पश्चिम की ओर

**Correct Answer: D**

**Q.47** यदि संख्या 8624357 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 8 B). 7 C). 9 D). 6

**Correct Answer: A**

**Q.48** सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक रखा गया है, परंतु उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है। F के ऊपर एक भी बॉक्स नहीं रखा गया है। F और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। C और D के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। D को E के ठीक ऊपर रखा गया है। C और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। A को B के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। ऊपर से तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

**Ans** A). B B). F C). D D). A

**Correct Answer: D**

**Q.49** एक निश्चित कूट भाषा में, 'don't be jealous' को 'ac dp mo' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'be on time' को 'mo lk zb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'be' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाता है?

**Ans** A). ac B). dp C). zb D). mo

**Correct Answer: D**

**Q.50** सात व्यक्ति Q, B, M, L, R, K और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। पंक्ति के बाएं छोर से पांचवें स्थान पर K बैठा है। R के दाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। Q, B और K का निकटतम पड़ोसी है। G, M के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। L और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). दो D). चार

**Correct Answer: B**

Section : **General Science**

**Q.51 तेलों और वसाओं में विकृतगंधिता को रोकने के लिए सामान्यतः निम्नलिखित में से कौन-सी विधि का उपयोग किया जाता है?**

**Ans** A). तेल को क्वथनांक तक गर्म करना B). तेल को पारदर्शी कंटेनर में स्टोर करना C). विटामिन E या BHA जैसे प्रतिऑक्सीकारक मिलाना D). तेल को धूप में रखना

**Correct Answer: C**

**Q.52 एक रेलगाड़ी का वेग-समय ग्राफ, 5 सेकंड के लिए 24 m/s का अपरिवर्ती वेग दर्शाता है, फिर अगले 4 सेकंड में एकसमान रूप से घटकर 0 m/s हो जाता है। t = 7 s पर रैखिक वेग कितना होगा?**

**Ans** A). 18 m/s B). 24 m/s C). 12 m/s D). 6 m/s

**Correct Answer: C**

**Q.53 यदि कंक्रीट और लकड़ी से बने दो घर, समान रूप से सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आते हैं, तो किस घर के रात में अधिक गर्म रहने की सर्वाधिक संभावना है?**

**Ans** A). लकड़ी का घर, क्योंकि इसमें अत्यधिक पुनर्विकिरण होता है B). कंक्रीट का घर, क्योंकि यह समस्त सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है

C). कंक्रीट का घर, क्योंकि यह संचित ऊष्मा को धीरे-धीरे मुक्त करता है D). लकड़ी का घर, क्योंकि यह अधिक सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करता है

**Correct Answer: C**

**Q.54 जब हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट के साथ अभिक्रिया होती है, तो कौन-सी गैस निर्मुक्त होती है?**

**Ans** A). अमोनिया गैस निर्मुक्त होती है B). ऑक्सीजन गैस निर्मुक्त होती है C). हाइड्रोजन गैस निर्मुक्त होती है D). कार्बन डाइऑक्साइड निर्मुक्त होती है

**Correct Answer: D**

**Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सक्रियता श्रेणी में अपने स्थान के आधार पर शीतल जल में रखे जाने पर कोई अवलोकनीय परिवर्तन नहीं दर्शाती है?**

**Ans** A). मैग्नीशियम B). जिंक C). सोडियम D). कॉपर

**Correct Answer: D**

**Q.56 कौन-सी विशेषता, यीस्ट को कवक जगत में रखने का समर्थन करती है?**

**Ans** A). यह प्राकेंद्रकी जीव है जिसमें वास्तविक केंद्रक का अभाव होता है। B). यह प्रकाश संश्लेषी जीव है जो अपना भोजन स्वयं बनाता है।

C). यह एककोशिकीय जीव है, परंतु इसकी कोशिका भित्ति काइटिन से बनी होती है। D). यह बहुकोशिकीय जीव है जो कवक जाल बनाता है।

**Correct Answer: C**

**Q.57 10 m की ऊँचाई वाली इमारत के शीर्ष पर रखे गए 2 kg द्रव्यमान की वस्तु में 200 J स्थितिज ऊर्जा है। जब यह भूमि से टकराती है तो वस्तु की गतिज ऊर्जा क्या होगी? (वायु प्रतिरोध की उपेक्षा कीजिए)**

**Ans** A). 50 J B). 100 J C). 400 J D). 200 J

**Correct Answer: D**

**Q.58 पादपों में बड़ी रसधानी (vacuoles) होती हैं जो जल संग्रहीत करती हैं, जबकि जन्तु कोशिकाओं में बहुत छोटी रसधानी होती है। यदि वैज्ञानिक ऐसी फसलें विकसित करना चाहते हैं जो सूखे के दौरान अधिक समय तक जीवित रह सकें, तो कौन-सी विधि सबसे उपयोगी होगी?**

**Ans** A). पादपों की रसधानी में संग्रहीत जल की मात्रा को कम करना। B). पादपों से रसधानी हटाना ताकि उन्हें हल्का किया जा सके।

C). पादपों की रसधानी के आमाप में वृद्धि करना ताकि वे अधिक जल संग्रहीत कर सकें। D). जन्तु कोशिकाओं की तरह, पादप कोशिकाओं में भी कई छोटी रसधानियां बनाना।

**Correct Answer: C**

**Q.59 निम्नलिखित में से कौन-सा, पीढ़ियों के बीच गुणसूत्रों की संख्या बनाए रखने में अर्धसूत्रीविभाजन के महत्व को स्पष्ट करता है?**

**Ans** A). यह जटिलता में वृद्धि के लिए गुणसूत्रों की संख्या को दोगुना कर देता है B). यह आनुवंशिक सांतत्य बनाए रखने के लिए समरूप कोशिकाएँ उत्पन्न करता है

C). यह सुनिश्चित करता है कि सभी गुणसूत्र केवल माता से ही वंशागत हों D). यह निषेचन से पहले युग्मकों में गुणसूत्रों की संख्या को आधा कर देता है

**Correct Answer: D**

**Q.60 गोलीय दर्पणों द्वारा प्रतिबिंब निर्माण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

**Ans** A). अवतल दर्पण अत्यधिक आवर्धित वास्तविक प्रतिबिंब बना सकते हैं। B). अवतल दर्पण आभासी प्रतिबिंब भी बना सकता है। C). उत्तल दर्पण सदैव छोटा प्रतिबिंब बनाते हैं।

D). वास्तविक प्रतिबिंब सदैव सीधा होता है।

**Correct Answer: D**

**Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण, बिंब की किसी भी स्थिति के लिए उत्तल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब के अभिविन्यास और आकार का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). प्रतिबिंब सदैव सीधा और बिंब से छोटा होता है B). प्रतिबिंब सदैव उल्टा होता है और बिंब के आकार के बराबर होता है C). प्रतिबिंब कभी-कभी सीधा और बिंब से बड़ा होता है

D). प्रतिबिंब सदैव उल्टा और बिंब से छोटा होता है

**Correct Answer: A**

**Q.62 निम्नलिखित में से किस तत्व में केवल एक प्रोटॉन और एक न्यूट्रॉन होता है?**

**Ans** A). हीलियम B). प्रोटियम C). ड्यूटीरियम D). ट्राइटियम

**Correct Answer: C**

**Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा, समांगी मिश्रण को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?**

**Ans** A). वह मिश्रण जिसमें कण तली में बैठ जाते हैं B). वह मिश्रण जिसका संघटन सर्वत्र एकसमान होता है C). वह मिश्रण जिसमें पदार्थों को निस्यंदक द्वारा पृथक किया जा सकता है

D). वह मिश्रण जिसमें पृथक परतें दृश्यमान होती हैं

**Correct Answer: B**

**Q.64** समान आकार के पूर्णतः सुसज्जित पुस्तकालय की तुलना में एक बड़े खाली कक्ष-कक्ष में अनुरणन काल (reverberation time) उल्लेखनीय रूप से अधिक क्यों होता है?

**Ans** A). कक्षा-कक्ष में अलग-अलग प्रकार के ध्वनि स्त्रोत का उपयोग किया जाता है B). कक्षा-कक्ष की दीवारें गहरे रंग की हैं
C). कक्षा-कक्ष में वायु का तापमान पुस्तकालय की तुलना में अधिक होता है D). पुस्तकालय की तुलना में कक्षा-कक्ष में ध्वनि-अवशोषक पृष्ठ कम होते हैं

**Correct Answer: D**

**Q.65** निम्नलिखित में से कौन-सा थॉमसन के परमाणु मॉडल का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

**Ans** A). परमाणु धनावेश का एक गोला होता है जिसके भीतर इलेक्ट्रॉन बिखरे हुए होते हैं B). परमाणु में इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर कोशों में व्यवस्थित होते हैं
C). परमाणु का एक केंद्रीय नाभिक होता है जिसके चारों ओर इलेक्ट्रॉन परिक्रमा करते हैं D). परमाणु एक सघन नाभिक होता है जिसके बाहर इलेक्ट्रॉन गतिमान होते हैं

**Correct Answer: A**

**Q.66** सरल मशीनों को उन युक्तियों के रूप में सर्वोत्तम तरीके से वर्णित किया जाता है जो _____ ।

**Ans** A). कम बल प्रयुक्त करके अधिक वजन (load) को उठाने में सहायता करती हैं B). स्थानांतरित की जा रही सामग्री (material) को बदलती हैं C). संचलन के दौरान घर्षण बढ़ाती हैं
D). कार्य में मानवीय प्रयास को पूरी तरह प्रतिस्थापित करती हैं

**Correct Answer: A**

**Q.67** निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, उच्चतर शक्ति निर्गम (power output) को दर्शाती है, यह मानते हुए कि प्रत्येक में समान कार्य किया जाता है?

**Ans** A). कार्य को लघु समय अंतराल में पूरा करना B). समान कार्य के लिए कम ऊर्जा का उपयोग करना C). समान कार्य के लिए अधिक बल प्रयुक्त करना
D). कार्य को दीर्घ समय अंतराल में करना

**Correct Answer: A**

**Q.68** यदि एक गोलीय दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब वास्तविक और उल्टा है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, चिन्ह परिपाटी के अनुसार प्रतिबिंब की दूरी के चिन्ह का सही वर्णन करता है?

**Ans** A). प्रतिबिंब की दूरी धनात्मक है B). प्रतिबिंब की दूरी परिवर्ती है C). प्रतिबिंब की दूरी शून्य है D). प्रतिबिंब की दूरी ऋणात्मक है

**Correct Answer: D**

**Q.69** किसी रासायनिक अभिक्रिया में, 50 ग्राम कैल्शियम कार्बोनेट को गर्म करने पर 28 ग्राम कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड के अज्ञात द्रव्यमान का उत्पादन होता है। द्रव्यमान संरक्षण के नियम के अनुसार, उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड का द्रव्यमान कितना है?

**Ans** A). 20 ग्राम B). 18 ग्राम C). 22 ग्राम D). 24 ग्राम

**Correct Answer: C**

**Q.70** कॉपन के ऑक्सीकरण के दौरान, निम्नलिखित में से किस यौगिक के निर्माण के कारण इसकी सतह पर काले रंग की परत जम जाती है?

**Ans** A). कॉपर कार्बोनेट (Copper carbonate) B). कॉपर ऑक्साइड (Copper oxide) C). कॉपर सल्फाइड (Copper sulphide) D). कॉपर सल्फेट (Copper sulphate)

**Correct Answer: B**

**Q.71** किस प्रकार की संधि केवल एक ही दिशा में मुड़ती और सीधी होती है तथा मानव शरीर की कोहनी मोड़ (elbow bends) पर पाई जाती है?

**Ans** A). अचल संधि B). कोर संधि C). धुराग्र संधि D). कन्दुक खल्लिका संधि

**Correct Answer: B**

**Q.72** किसी धारावाही वृत्ताकार पाश द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है?

**Ans** A). पाश में फेरों की संख्या बढ़ाकर और धारा को बढ़ाकर B). पाश की त्रिज्या को बढ़ाकर C). पाश के माध्यम से प्रवाहित होने वाली धारा को घटाकर
D). पाश में फेरों की संख्या घटाकर

**Correct Answer: A**

**Q.73** यदि किसी पारिस्थितिकी तंत्र से कवक को हटा दिया जाए, तो मृदा की उर्वरता में कमी हो जाएगी, क्योंकि _____ ।

**Ans** A). पारिस्थितिकी तंत्र में परभक्षियों को भोजन की कम उपलब्धता का सामना करना पड़ेगा B). कवक की अनुपस्थिति के कारण पादप प्रकाश संश्लेषण करने में असमर्थ होंगे
C). मृत पदार्थों का अपघटन धीमा हो जाएगा, जिससे खनिजों की उपलब्धता कम हो जाएगी
D). कवक, अवशोषण प्रक्रमों के माध्यम से सजीव पादपों को प्रत्यक्ष रूप से पोषक तत्व प्रदान करते हैं

**Correct Answer: C**

**Q.74** निम्नलिखित में से कौन सा कथन यह स्पष्ट करता है, कि मानव पेशीकंकाली तंत्र में पेशी और अस्थि ऊतक एक साथ किस प्रकार कार्य करते हैं?

**Ans** A). पेशीय ऊतक, सहारा प्रदान करने हेतु अस्थियों को सुदृढ़ करने के लिए खनिजों का उत्पादन करते हैं।
B). अस्थि ऊतक, पेशियों को गति देने के लिए संकुचित होते हैं, जिससे चलना संभव होता है।
C). पेशी ऊतक, गति के दौरान अस्थियों को झटकों से बचाने के लिए उपास्थि का निर्माण करते हैं।
D). पेशी ऊतक संकुचित होकर अस्थियों को खींचते हैं, जिससे संधियों में गति उत्पन्न होती है।

**Correct Answer: D**

**Q.75** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रयोगिक व्यवस्था, किसी विशेष पादप की प्रजाति के लिए वायु और कीट परागण की प्रभावशीलता को पृथक रूप से निर्धारित करने में सहायता करेगी?

**Ans** A). पुष्पों को दो समूह में विभाजित करना: एक जो केवल वायु के लिए खुलें हो, और दूसरे जो केवल कीटों के लिए खुले हों।

B). सभी पुष्पों को एक ही समय पर पवन धाराओं और कीट परागकों, दोनों के संपर्क में आने देना।

C). किसी भी प्रकार का परागण होने से रोकने के लिए सभी पुष्पों को संपूर्ण रूप से ढक देना।

D). परागण के होने से पहले सभी पुष्पों से जननीय वर्तिकाग्रों को हटा देना।

**Correct Answer: A**

**Q.76** एक स्थिर बॉक्स पर विपरीत दिशाओं से समान बल अनुप्रयुक्त करने पर भी वह फर्श पर गति नहीं करता है। बलों का कौन-सा अभिलक्षण इस परिणाम की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

**Ans** A). दोनों बलों की दिशा असंतुलित है B). दोनों बलों का परिमाण बराबर है और दिशा विपरीत है C). बल अलग-अलग बिंदुओं पर कार्यरत हैं D). दोनों बलों का परिमाण असमान है

**Correct Answer: B**

**Q.77** किसी पारिस्थितिकी तंत्र में, जो जीव सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके अपना भोजन स्वयं तैयार कर सकते हैं, उन्हें _____कहा जाता है।

**Ans** A). उत्पादक B). अपघटक C). शाकाहारी D). मांसाहारी

**Correct Answer: A**

**Q.78** एकसमान वृत्तीय गति में गतिमान किसी वस्तु के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य नहीं हैं?
**A.** वस्तु की चाल नियत रहती है।
**B.** वस्तु का वेग नियत रहता है।
**C.** वस्तु के वेग की दिशा निरंतर परिवर्तित होती रहती है।

**Ans** A). A और B दोनों B). केवल A C). A और C दोनों D). केवल B

**Correct Answer: D**

**Q.79** निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, एक संयोजन अभिक्रिया को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करती है?

**Ans** A). कैल्शियम कार्बोनेट विघटित होकर कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है

B). मैग्नीशियम, ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके मैग्नीशियम ऑक्साइड बनाता है C). जिंक, कॉपर सल्फेट के विलयन से कॉपर को विस्थापित करता है

D). हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड और जल बनाता है

**Correct Answer: B**

**Q.80** स्कंदन होने के पश्चात विषमांगी मिश्रण से कणों को पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

**Ans** A). निस्यंदन B). निस्तारण C). वाष्पन D). आसवन

**Correct Answer: A**

**Q.81** किसी विद्युत उपकरण का प्रतिरोध 10 Ω है। जब इस पर 110 V का विभवांतर लगाया जाता है, तो उपकरण की विद्युत शक्ति कितनी होगी?

**Ans** A). 110 W B). 121 W C). 11 W D). 1,210 W

**Correct Answer: D**

**Q.82** निम्नलिखित में से कौन-सा, तत्व प्रतीक गलत है?

**Ans** A). Al – एल्युमीनियम B). Pb – लेड C). Ag – सोना D). K – पोटैशियम

**Correct Answer: C**

**Q.83** निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, मुकुलन (budding) द्वारा जनन नहीं करता है?

**Ans** A). जीवाणु B). यीस्ट C). हाइड्रा D). स्पंज

**Correct Answer: A**

**Q.84** निम्नलिखित में से कौन-सी, आमाशय में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (HCl) की मुख्य भूमिका है?

**Ans** A). पाचन के लिए पित्त उत्पन्न करता है B). अम्लीय स्थितियां उत्पन्न करता है C). पाचित पोषक तत्वों को अवशोषित करता है D). वसा को प्रत्यक्ष रूप से विघटित करना

**Correct Answer: B**

**Q.85** एक पोत परिवहन कंपनी को यह सुनिश्चित करना है कि खारे समुद्री जल में लंबी समुद्री यात्राओं के दौरान उनके लोहे के कार्गो जहाज संक्षारण से सुरक्षित रहें। इस उद्देश्य के लिए संक्षारण को रोकने हेतु कौन-सी रणनीति सबसे प्रभावी होगी?

**Ans** A). निर्माण के लिए शुद्ध लोहे की चादरों का उपयोग करना B). जहाज के पोतखोल में उत्सर्गी एनोड (sacrificial anodes) के रूप में जिंक ब्लॉक जोड़ना

C). पोतखोल पर साधारण पेंट (ordinary paint) करना D). उपयोग में न होने पर जहाजों को शुष्क वायु में रखना

**Correct Answer: B**

**Q.86** पृथ्वी के किसी स्थान को प्राप्त होने वाली सौर ऊर्जा की मात्रा को अक्षांश किस प्रकार प्रभावित करता है?

**Ans** A). उच्चतर अक्षांश, भूमध्यरेखीय अक्षांशों की तुलना में कम प्रत्यक्ष सूर्य का प्रकाश प्राप्त करते हैं B). प्राप्त सौर ऊर्जा पर अक्षांश का नगण्य प्रभाव होता है

C). सभी स्थानों को वर्ष-भर समान मात्रा में सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है D). भूमध्यरेखीय अक्षांशों को उच्चतर अक्षांशों की तुलना में कम प्रत्यक्ष सूर्य का प्रकाश प्राप्त होता है

**Correct Answer: A**

**Q.87** कोई इंजीनियर एक ऐसी डिवाइस डिजाइन कर रहा है जिसमें जीवाणु संवर्धन के ऊष्मायन हेतु एक परिशुद्ध और नियत तापमान की आवश्यकता है। विद्युत धारा के तापीय प्रभाव के अनुप्रयोगों पर विचार करते हुए, इस डिवाइस के लिए तापन एलीमेंट (heating element) के चयन में मुख्य रूप से किस सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए?

**Ans** A). अधिकतम ऊष्मा उत्पन्न करने के लिए विद्युत धारा को सतत् रूप से बढ़ाना B). ऐसे पदार्थ का उपयोग करना जो प्रचालन के दौरान ऊष्मा उत्पादन को रोकता हो
C). पर्याप्त ऊष्मा उत्पन्न करने के लिए उपयुक्त प्रतिरोध वाले पदार्थ का उपयोग करना D). ऊष्मा उत्पादन को न्यूनतम करने के लिए कम प्रतिरोध वाले पदार्थ का उपयोग करना

**Correct Answer: C**

**Q.88** किसी रोगी की हृदय स्थिति ऐसी है जिसमें बायां निलय अक्षम रूप से रक्त पंप करता है। शरीर के परिवहन तंत्र पर सबसे तात्कालिक प्रभाव क्या होगा?

**Ans** A). ऊतकों में कार्बन डाइऑक्साइड का तत्काल निर्माण B). संपूर्ण शरीर में विश्रांति हृदय गति दर में वृद्धि C). शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति में कमी
D). प्रमुख शिराओं में रक्तचाप में तुरंत वृद्धि

**Correct Answer: C**

**Q.89** निम्नलिखित में से किस स्थिति में, धारावाही चालक चुंबकीय क्षेत्र में अधिकतम बल का अनुभव करता है?

**Ans** A). जब चालक में कोई धारा नहीं होती है B). जब चालक को चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के समांतर रखा जाता है
C). जब चालक को क्षेत्र रेखाओं के साथ 90 डिग्री से कम के कोण पर रखा जाता है D). जब चालक को चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं के लंबवत रखा जाता है

**Correct Answer: D**

**Q.90** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आयनिक आबंध का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans** A). एक परमाणु से दूसरे परमाणु में इलेक्ट्रॉनों के स्थानांतरण से बनने वाला रासायनिक आबंध
B). परमाण्विक कक्षकों (atomic orbitals) के अतिव्यापन से बनने वाला रासायनिक आबंध
C). धातु में विस्थानीकृत (delocalized) इलेक्ट्रॉनों के शामिल होने से बना रासायनिक आबंध D). परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी से बनने वाला रासायनिक आबंध

**Correct Answer: A**

Section : **General Awareness**

**Q.91** निम्नलिखित से कौन-सा, मई 2026 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (National Stock Exchange of India) द्वारा लांच किए गए इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (Electronic Gold Receipts) का एक उद्देश्य नहीं है?

**Ans** A). निवेशकों को डिजिटल परिसंपत्ति को भौतिक स्वर्ण से बदलने के लिए प्रोत्साहित और पुरस्कृत करना
B). बाजार भागीदारी में सुधार करना, और सभी हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ाना C). निवेशकों को घर या बैंक लॉकर में रखे बिना भौतिक स्वर्ण रखने में सक्षम बनाना
D). स्वर्ण बाजार में पारदर्शिता और औपचारिकीकरण को सशक्त करना

**Correct Answer: A**

**Q.92** जनवरी 2026 में भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच हस्ताक्षरित सुरक्षा और रक्षा साझेदारी का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans** A). भारत और यूरोपीय संघ के बीच केवल समुद्री व्यापार को बढ़ावा देना B). विशेष रूप से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करना
C). शांति, सुरक्षा और रक्षा पर सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करना D). वार्षिक रक्षा प्रदर्शनियों का आयोजन करना

**Correct Answer: C**

**Q.93** जुलाई 2026 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा क्षतिपूर्ति और जुर्माने से संबंधित विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटान को सुविधाजनक बनाने के लिए किस योजना की शुरूआत की गयी?

**Ans** A). समाधान (SAMADHAN), 2026 B). विश्वास (VISHWAS), 2026 C). निष्ठा (NISHTHA), 2026 D). सुरक्षा (SURAKSHA), 2026

**Correct Answer: B**

**Q.94** हरियाणा में 'मिशन बुनियाद' से संबंधित वर्ष 2026 की रिपोर्टों के अनुसार, राज्य स्तर पर लगभग 1,600 विद्यार्थियों द्वारा अगले चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के साथ किस जिले ने तीसरी रैंक प्राप्त की है?

**Ans** A). हिसार B). गुरुग्राम C). रोहतक D). सिरसा

**Correct Answer: B**

**Q.95** निम्नलिखित में से किस संस्था ने डाउन टू अर्थ (Down To Earth) के सहयोग से "स्टेट ऑफ इंडियाज़ एनवायरमेंट 2026 (State of India's Environment 2026)" नामक रिपोर्ट जारी की है, जो देश में बढ़ते जलवायु जोखिमों और चरम मौसम की घटनाओं पर प्रकाश डालती है?

**Ans** A). विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र B). विश्व बैंक C). नीति आयोग D). पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**Correct Answer: A**

**Q.96** 21 जून, 2026 को मनाए गए 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (IDY) की थीम निम्नलिखित में से क्या थी?

**Ans** A). स्वस्थ आयु के लिए योग B). मानवता और वैश्विक सौहार्द के लिए योग C). संधारणीय जीवन और आरोग्यता के लिए योग D). एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**Correct Answer: A**

**Q.97** जून 2026 में आयोजित राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में, 87.05 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों के जैवलिन थ्रो का खिताब किसने जीता?

**Ans** A). रोहित यादव B). रुमेश थरंगा C). नीरज चोपड़ा D). मुरली श्रीशंकर

**Correct Answer: A**

**Q.98** **2025 में अधिनियमित किस अधिनियम ने मनरेगा (MGNREGA) को एक नए वैधानिक फ्रेमवर्क से प्रतिस्थापित कर दिया जो विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप है, प्रति ग्रामीण परिवार को रोजगार की गारंटी बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई, और श्रम रोजगार को टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना से जोड़ा गया?**

**Ans** A). नेशनल रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अधिनियम, 2025

B). दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

C). प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (संशोधित ग्रामीण अवसंरचना अधिदेश)

D). विकसित भारत–GRAM G अधिनियम, 2025

**Correct Answer: D**

**Q.99** **निम्नलिखित में से किसे कला के क्षेत्र में योगदान के लिए 2026 में पद्म भूषण पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी?**

**Ans** A). के. टी. थॉमस

B). धर्मेंद्र सिंह देओल

C). अलका याग्निक

D). वी. एस. अच्युतानंदन

**Correct Answer: C**

**Q.100** **फरवरी 2026 में, किस संगठन ने चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (ITR) से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (Solid Fuel Ducted Ramjet) तकनीक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया?**

**Ans** A). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)

B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

C). भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL)

D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

**Correct Answer: B**

"